फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद, जिला राजसमन्द

श्री जगदीश सिंह राजपुत निवासी उपली ओडन, नया खेड़ा नाथद्वारा तहसील नाथद्वारा जिला राजसमन्द **— अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द **— प्रत्यर्थी**

मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 14 / 2026**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 09.03.2026 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से जरिये पत्र क्रमांक :– एफ.1( )सू0अ0,05 / 14 / 2026 / 113 दिनांक 04.03.2026 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी / अपीलान्ट का आवेदन पत्र जरिये ऑनलाईन पोर्टल से दिनांक 15.01.2026 को सूचना के अधिकार अधिनियम,05 के तहत प्रस्तुत किया गया। आरटीआई आवेदन में ईप्सित सूचना अपीलार्थी द्वारा चाही गई उसका संबंध प्रभारी अधिकारी भूमि अवाप्ति अनुभाग से होने से इस कार्यालय द्वारा प्रार्थी अपीलार्थी का आरटीआई आवेदन कार्यालय के जरिये पत्रांक 42 दिनांक 16.01.2026 से संबंधित कार्यालय को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। प्रभारी अधिकारी भूमि अवाप्ति अनुभाग के पत्रांक 145 दिनांक 09.02.2026 से अवगत कराया कि प्रार्थी द्वारा ईप्सित सूचना ग्राम राबचा के खसरा नं. 1030 व 1031 का कार्यालय रिकॉर्ड अनुसार अवाप्ति की कार्यवाही संपादित नहीं हुई है, इसके क्रम में प्रार्थी को जरिये ऑनलाईन पोर्टल से क्रमांक 9084913031 दिनांक 23.02.2026 को भूमि अवाप्ति अनुभाग के पत्रांक की प्रति अपलोड कर व इस कार्यालय के पत्रांक 92 दिनांक 13.02.2026 से प्रार्थी को जरिये डाक सूचित किया गया। अतः प्रार्थी के आरटीआई आवेदन के संबंध में प्रार्थी को निश्चित समयावधि में सूचित किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना के संबंध में ग्राम राबचा के खसरा नं. 1030 व 1031 का कार्यालय रिकॉर्ड अनुसार अवाप्ति की कार्यवाही संपादित नहीं हुई है, उक्त बाबत अपीलार्थी को जरिये ऑनलाईन पोर्टल से क्रमांक 9084913031 दिनांक 23.02.2026 को भूमि अवाप्ति अनुभाग के पत्रांक की प्रति अपलोड कर व इस कार्यालय के पत्रांक 92 दिनांक 13.02.2026 से प्रार्थी को जरिये डाक सूचित किया गया। अतः	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)

अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना संबंध में लोक सूचना अधिकारी द्वारा जरिये पत्रांक 92 दिनांक 13.02.2026 से अपीलार्थी को सूचित कर दिये जाने उक्त अपील को खारिज किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, तथा लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)